8 दिसम्बर, 2016

प्रेस आमंत्रण / विज्ञप्ति

राजनीति विज्ञान विभाग, जामिइ में "एडवांस्ड स्टडीज़ इन ह्युमेन सिक्योरिटी" पर ज्ञान कोर्स

प्रो. जियोर्जियो शानी, प्रोफ़ेसर, राजनीति एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध, क्रिश्चन विश्वविद्यालय (आईसीयू) जापान, राजनीति विज्ञान विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जामिइ) में 12–17 दिसम्बर, 2016 तक 'एडवांस्ड स्टडीज़ इन ह्युमेन सिक्योरिटी' पर एक सप्ताह के कोर्स का आयोजन करेंगे।

यह कोर्स मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की प्रतिष्ठित ज्ञान योजना का एक हिस्सा है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को सुरक्षा पर सैद्धांतिक चर्चा शुरू करने की जानकारी देना है। इसके अलावा, कोर्स सुरक्षा के लिए 'राष्ट्रीय', 'मानव' और 'महत्वपूर्ण' जैसे विभिन्न एवं सक्षम दृष्टिकोण' को रेखांकित करेगा और छात्रों को पाठयक्रम से संबंधित विषय पर अनुसंधान करने के लिए अनुभवजन्य उदाहरण का उपयोग करने का दृष्टिकोण प्रदान करना है।

प्रो जियोर्जियो शानी, क्रिश्चन विश्वविद्यालय (आईसीयू) जापान, में राजनीति एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध के प्रोफेसर हैं और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एवं राजनीति विज्ञान (एलएसई) ब्रिटेन में वरिष्ठ विज़िटिंग फैलो हैं। उनके मुख्य शोध, महत्वपूर्ण मानव सुरक्षा और पोस्ट–वेस्टर्न अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक सिद्धांत पर केंद्रित हैं।

वह 'सिख नेशनलिज़्म एंड आइडेंटिटी इन ए ग्लोबल एज' (रुटलेज 2007) और प्रोटेक्टिंग ह्युमेन सिक्योरिटी इन ए पोस्ट 9/11 वर्ल्ड (पाल्ग्रेव 2007), के सह–संपादक हैं। प्रो. शानी की हाल ही में एक पुस्तक 'रिलिजियन, आइडेंटिटी एंड ह्युमन सिक्योरिटी' (रूटलेज 2014) से प्रकाशित हुई है। उन्होंने इंटरनेशनल स्टडीज एसोसिएशन के वैश्विक विकास खंड के अध्यक्ष के रूप में 2010 से 2012 तक कार्य किया है और वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संघ एशिया–प्रशांत क्षेत्र के अध्यक्ष हैं।

उनके वर्तमान अनुसंधान रिलिजियन, आइडेंटिटी एण्ड ह्युमन सिक्योरिटी, का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय संबंधों सिद्धांत में 'महत्वपूर्ण मानव सुरक्षा प्रतिमान' विकसित करना है। यह वैश्वीकरण, धार्मिक राष्ट्रवाद और दक्षिण एशिया में प्रवासी भारतीयों पर उनके पिछले कार्य पर आधरित है।

विभिन्न विश्वविद्यालयों के सामाजिक विज्ञान विषयों के शिक्षक, शोधार्थी एवं परास्नातक कक्षाओं के छात्र से इस एक सप्ताह के कोर्स में शामिल होंगे।

प्रोफ़ेसर तलत अहमद, कुलपति, जामिया मिल्लिया इस्लामिया द्वारा कोर्स का औपचारिक उद्घाटन 12 दिसंबर, 2014 को 10.00 बजे सेमिनार हॉल, बहुविषयक उन्नत अनुसंधान एवं अध्ययन केंद्र (एमसीएआरएस), जामिया मिल्लिया इस्लामिया में किया जाएगा।

प्रो. मौहम्मद बदरुल आलम, राजनीति विज्ञान विभाग, जामिइ, इस कार्यक्रम के समन्वयक हैं।

प्रो. साइमा सईद
मानद उप मीडिया समन्वयक
9891 22 7771